कार्यालय प्रभारी, छात्र कल्याण
उ0प्र0 पं0 दीनदयाल उपाध्याय पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय
एवं गो–अनुसंधान संस्थान, मथुरा– 281001

संख्याः– 685/प्र0छा0क0/2025–26 दिनांकः– 5 जनवरी, 2025

**कार्यालय ज्ञाप**

देश के युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत आदरणीय स्वामी विवेकानंद जी की जीवन यात्रा के बारे में अध्ययन कर इसमें प्रेरणा लेने हेतु विश्वविद्यालय के छात्र–छात्राओं, कर्मचारियों, शिक्षकों को प्रेरित करने के लिए आदरणीय स्वामी विवेकानन्द जी के जन्म दिवस "राष्ट्रीय युवा दिवस" पर विश्वविद्यालय में आयोजित किया जा रहे कार्यक्रम में स्वामी जी के जीवन यात्रा से संबंधित एक ऑनलाइन क्विज का आयोजन किया जाएगा। उपरोक्त कार्यक्रम दिनांक **12.01.2026 दिन (सोमवार) को प्रातः 10.30 बजे पं0 दीन दयाल उपाध्याय समागार मे** आयोजित किया जायेगा।

विश्वविद्यालय के सभी छात्र–छात्राओं, कर्मचारिया, अधिकारियों, शिक्षकों से आशा की जाती है कि वह बढ चढ़कर इस ऑनलाइन क्विज में भाग लें । इस क्विज का आयोजन पूर्व चक्रित राष्ट्रीय युवा दिवस के कार्यक्रम के दौरान पं0 दीनदयाल उपाध्याय समागार में ही किया जाएगा। आप सभी अपने स्मार्टफोन से इस प्रतियोगिता में भाग ले पाएंगे। प्रतियोगिता में शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्रों को अलग–अलग श्रेणी में मूल्यांकन कर पुरस्कृत किया जाएगा।

प्रभारी, छात्र कल्याण

**पृष्ठांकन संख्या व दिनांक : उक्तवत।**

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अधिष्ठाता, पशु चिकित्सा संकाय/डेयरी विज्ञान/मत्स्य विज्ञान/जैव प्रौद्योगिकी महाविद्यालय/ अधिष्ठाता, स्नातकोत्तर शिक्षा/ निदेशक पैरावेटरिनरी साइंस संस्थान को इस आशय के साथ प्रेषित है कि स्वामी विवेकानन्द जी के जन्म दिवस "राष्ट्रीय युवा दिवस" मनाने में आपके महाविद्यालयों में अध्ययनरत् छात्र /छात्राओं एवम कार्यरत शिक्षकों/कर्मचारियों को इसमें सम्मिलित होने के लिए प्रेरित करने का कष्ट करें।
2. निदेशक, शोध/प्रसार/क्लीनिक्स/फार्म्स/गौ–अनुसंधान
3. वित्त अधिकारी/कुलसचिव/सम्पत्ति अधिकारी/मुख्य कार्मिक अधिकारी/परीक्षा नियंत्रक/प्रस्थापना अधिकारी, दुवासु, मथुरा।
4. डा0 पवनजीत सिंह, सह आचार्य, जैव रसायन विभाग, डा0 आर0 के0 यादव, सहायक आचार्य, फार्माकोलॉजी विभाग एवं डा0 ममता, सहायक आचार्य, एल0पी0एम0 विभाग को इस आशय के साथ कार्यक्रम को अपने निर्देशन मे सम्पन्न कराने का कष्ट करे।
5. भंडार क्रय अधिकारी/परिवहन अधिकारी/जनसूचना अधिकारी/प्रभारी, भूदृश्य/समन्वयक संचार केन्द्र
6. प्रभारी, अशोका अतिथि गृह/बल्देव अतिथि गृह/कनिष्का अतिथि गृह/ऐरिस सैल/विश्वविद्यालय पुस्तकालय /विधिक प्रकोष्ठ/भर्ती प्रकोष्ठ।
7. प्रभारी, कृषि विज्ञान केन्द्र, दुवासु, मथुरा।
8. प्रभारी, एल0एफ0सी0 प्रक्षेत्र/चरागाह एवं चाराशोध संम्भाग/माधुरी कुण्ड प्रक्षेत्र।
9. समस्त छात्रावास अधीक्षक/अधीक्षिका को इस आशय के साथ कि उक्त से समस्त आवासित छात्र–छात्राओं को अवगत कराने का कष्ट करें।
10. प्रभारी, प0 दीन दयाल उपाध्याय समागार को इस अनुरोध के साथ कि उपरोक्त आयोजन हेतु व्यवस्थित रखने का कष्ट करें ।
11. आचार्य एवं विभागाध्यक्ष, प्रसार विभाग, दुवासु मथुरा को इस आशय के साथ कि उपरोक्त कार्यक्रम की फोटोग्राफी हेतु सम्बन्धित कार्मिक को निर्देशित करने का कष्ट करें।
12. सम्पत्ति अधिकारी, दुवासु मथुरा को इस आशय के साथ कि उक्त आयोजन के दौरान विद्युत आदि की व्यवस्था निर्बाध रखने हेतु सम्बन्धित कार्मिक को निर्देशित करने का कष्ट करें।
13. निजी सचिव को मा0 कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ प्रेषित।

प्रभारी, छात्र कल्याण
प्रभारी छात्र कल्याण
उ0प्र0 वैटेरिनरी विश्वविद्यालय, मथुरा

Scanned with OKEN Scanner